एक लाख में खरीदा नकली नोट छापने का मैटेरियल... 500 की करेंसी तैयार करने का था प्लान

महाराष्ट्र के वाशिम (Washim) में पुलिस ने नकली नोट बनाने के सामान के साथ 4 लोगों को पकड़ा है. ये लोग कार में सवार होकर नोदेड़ से आ रहे थे. इसी दौरान पुलिस ने नाकाबंदी कर उन्हें अरेस्ट कर लिया. पुलिस को कार से कागज के कुछ बंडल और एक प्लास्टिक की कैन में लिक्विड जैसा सामान मिला है. पूछताछ में खुलासा हुआ कि यह सभी आरोपी एक लाख रुपये में नकली नोट बनाने का सामान खरीदकर ला रहे थे.

Source: https://www.aajtak.in/india/maharashtra/story/fake-notes-printing-material-bought-for-rs-one-lakh-prepare-currency-of-rs-500-plan-lcla-2007116-2024-08-11